दिनांक 17 अगस्त 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नियमित रूप से हो तालाब परिसर की सफाई, रामनगर तालाब के निरीक्षण के दौरान आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 28 प्रेम नगर के विभिन्न मोहल्ले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस्ती को साफ-सफाई और नाली सफाई की व्यवस्था देखी। चेता मैदान के पास कुछ लोगों के द्वारा रास्ते पर पेड़ की टहनियों को रख दिया गया था जिससे आवागमन अवरुद्ध हो रहा था, जिसे हटाने की समझाइश दी गई अन्यथा चालानी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। 18 नंबर सड़क का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने सड़क किनारे के बंद पड़े स्ट्रीट लाइट का संधारण करने के निर्देश दिए। वहीं बीएसपी क्वार्टर के बैक लाइन की सफाई के भी निर्देश आयुक्त ने दिए तथा सिवरेज चेंबर में संख्या के अनुसार ढक्कन लगाकर बंद करने कहा गया इस बाबत बीएसपी प्रबंधन को पत्र जारी करने आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने रामनगर मुक्तिधाम तालाब के परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई स्थानों पर सफाई का अभाव पाया। उन्होंने कहा कि रामनगर मुक्तिधाम स्थित तालाब परिसर की विस्तृत सफाई कराएं, समय-समय पर नियमित रूप से परिसर की सफाई होती रहे। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने कचरा मुक्त शहर बनाने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं , इसी तारतम्य में शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारी रोज सुबह निरीक्षण कर रहे हैं। निगमायुक्त ने आज वैशाली नगर क्षेत्र में सकरी गलियों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। एक दुकान पर पहुंच कर उन्होंने दुकान के सामने सफाई का अभाव पाया उन्होंने कहा कि अपने आसपास के स्थलों की सफाई रखें दुकान से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में डाल कर सफाई कर्मचारी को ही देवें इधर-उधर कचरा फैलाने पर जुर्माना वसूल किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त पूजा पिल्ले , जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं अंजनी सिंह आदि मौजूद रहे।